### एक नजर में

## आयुष पद्धति के प्रचार प्रसार पर जोर

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**

**आयुष विभाग एवं आयुष पद्धति का प्रचार प्रसार एवं आमजन मानस में जागरूकता लाने के लिए संचालनालय आयुष भोपाल मध्य प्रदेश एवं कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन में एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ विनोद कुमार के मार्गदर्शन में आज शासकीय आयुर्वेद औषधालय चंदेरा द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्र में नि:शुल्क आयुष शिविर लगाया गया।**

शिविर में पोषण के बारे में, दिनचर्या, योग, ऋतुचरया, स्वच्छता अभियान 23 सितम्बर को विश्व आयुर्वेद दिवस, औषधिय पौधौ के बारे मे बताया गया। साथ ही 38 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा औषधि प्रदान की गई। शिविर की थीम सेवा अभियान, पोषण पखवाड़ा थी। थीम को ध्यान में रखते हुए रोग से संबंधित औषधियों का वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त स्त्रीरोग, वातरोग, उदर रोग,चर्म रोग, कास रोग आदि रोगों की औषधियों को वितरित किया गया। आहार विहार और वर्तमान ऋतु में होने वाले रोगों की बचाव के उपाय बताए।

# अमावस्या पर पूर्वजों की विदाई, नवरात्रि पर्व का आगमन

**पितृमोक्ष अमावस्या पर पूर्वजों को तर्पण कर किया विदा**

**आज से शहर सहित जिले भर में विराजेंगी मां दुर्गा की प्रतिमाएं**

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**

**पितृ पक्ष के अंतिम दिन पितृ मोक्ष अमावस्या पर रविवार को महेंद्र सागर और वृंदावन तालाब स्थित पितृ तर्पण घाट पर श्रद्धालुओं ने पूर्वजों को जल अर्पण कर श्रद्धाभाव से विदा किया। सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण और शहर के लोग अपने पूर्वजो को जल अर्पित कर तर्पण श्राद्ध और पिंडदान करते दिखाई दिए। हिंदूधर्म में पितृ पक्ष का विशेष महत्व माना गया है। इस दौरान लोग अपने पूर्वजों की सुख-शांति के लिए प्रार्थना करते हैं। पंडितों ने बताया कि पितृपक्ष में ब्राह्मण भोज, गौ सेवा और अन्न दान से पूर्वजों की आत्मा को शांति मिलती है। पूर्वजों की विदाई होने के बाद आज सोमवार से शारदीय नवरात्र पर्व की शुरूआत होने जा रही है। जिसमें आज शहर के पंडलों में मूर्तिकारों के स्थानों से देवी माता की प्रतिमाओं की आगवानी होगी।**





जगत जननी मां आदिशक्ति की आराधना, उपासना एवं भक्ति के पर्व शारदीय नवरात्र को लेकर तैयारियां अब समाप्त हो चुकी है। दुर्गोत्सव समितियों के द्वारा नवरात्र पर्व को लेकर रूपरेखा बनाकर पंडालों के निर्माण, झांकियों आदि की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुकी है। आज सोमवार से शारदीय नवरात्र पर्व से शुरू होने जा रहा है। शारदीय नवरात्र पर्व करीब आने के साथ ही दुर्गा पूजा की तैयारियां तेज हो गई। देवी प्रतिमाओं को स्थापित करने पंडाल सजने लगे वही देवी मंदिरों मैं भी तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। शारदीय नवरात्र पर्व करीब आने के साथ ही दुर्गा पूजा की तैयारियां तेज हो गई। दुर्गा प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में मूर्तिकार जुटे हैं। देवी प्रतिमाओं को स्थापित करने पंडाल सजने लगे वही देवी मंदिरों मैं भी तैयारियां जारी कर दी है। देवी मंदिरों में साफ-सफाई के अलावा पुताई का कार्य हो चुकी है। आज से ९ दिनों तक नवरात्र पर्व की धूम जिले भर में रहेगी ।महिलाएं उपवास रखेगी।

### धार्मिक स्थलों पर बोए जाएंगे जवारे

आज सोमवार से शुरु होने जा रहे शारदीय नवरात्रि के पर्व की शुरूआत होते ही प्रथम दिवस प्राचीन देवी मंदिरों सहित अनेक धार्मिक स्थलों पर जवारे बोए जाएगे। यह जवारे नौ दिनों में अपना सही आकार ले लेंगे। जिन्हें दशहरा के एक दिन पूर्व नवमीं के दिन विसर्जित किया जाएगा। इस दौरान जवारे रखने वाले स्थलों पर महिलाओं द्वारा रोजाना माता की भक्ति से सम्बन्धित धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। महिलाएं भजन-कीर्तन में शामिल होकर भक्ति में लीन रहेगी। इसके अलावा बगाज माता मंदिर में भी इस वर्ष माता की आकर्षक साज-सज्जा की गई यहां रोजाना सैकड़ों की संख्या में भक्त पहुंचकर धर्मलाभ लेंगे। नवमी के दिन देवी पंडालों में हवन का कार्यक्रम देर रात तक चलेगा।

## मोटरसाइकिल की टक्कर पर उपजा विवाद



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**

**नगर परिषद बड़ागांव धसान में हाट बाजार के दौरान मारपीट का मामला सामने आया है। बस स्टैंड के पास मोटरसाइकिल की टक्कर को लेकर दो पक्षों में विवाद शुरू हुआ। एक महिला और उसके पति के साथ विरोध करने पर मारपीट की गई।**

घटना के दौरान मौके पर भीड़ जमा हो गई। दोनों पक्षों के बीच काफी देर तक हाथापाई होती रही। किसी ने भी बीच-बचाव का प्रयास नहीं किया। यह घटना पुलिस थाने से मात्र कुछ कदमों की दूरी पर हुई ।स्थानीय लोगों के अनुसार हाट बाजार के दौरान जाम की स्थिति को लेकर अक्सर विवाद होते हैं। सड़क के दोनों ओर दुकानदार और हाथ ठेले वाले खड़े हो जाते हैं। इससे लोगों के निकलने की जगह नहीं बचती। एक्सीडेंट के कारण विवाद शुरू हो जाते हैं ।थाना प्रभारी नरेंद्र वर्मा ने बताया कि दो पक्षों के बीच मारपीट का वीडियो सामने आया है। हालांकि अभी तक किसी भी पक्ष ने थाने में शिकायत दर्ज नहीं कराई है। पुलिस वीडियो के आधार पर घटना की जांच कर रही है। नगर परिषद बड़ागांव धसान में हाट बाजार के दौरान मारपीट का मामला सामने आया है। बस स्टैंड के पास मोटरसाइकिल की टक्कर को लेकर दो पक्षों में विवाद शुरू हुआ। एक महिला और उसके पति के साथ विरोध करने पर मारपीट की गई। पुलिस मामले की जांच करने में लगी हुई है।

## उत्तीर्ण होने पर मिलेगा साक्षर का प्रमाण पत्र



**नवभारत न्यूज पलेरा।**

**उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को पलेरा विकासखंड अंतर्गत बनाए गए 276 केंद्रों के सभी स्कूलों में नव साक्षर की परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें करीब 25000 असाक्षर महिला और पुरुषों ने परीक्षा में भाग लिया। बताया जा रहा है कि उत्तीर्ण होने पर ये सभी साक्षर होने का प्रमाण पत्र प्राप्त करेंगे।**

प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी राजेंद्र पस्तौर के निर्देशन एवं भानु प्रकाश श्रीवास्तव बीआरसीसी के मार्गदर्शन तथा पुष्पेंद्र कुमार पाठक विकासखंड समन्वयक द्वारा विकासखंड के सभी परीक्षा केंद्रों पर जाकर निरीक्षण और मॉनिटरिंग की। परीक्षा केंद्रों के बाहर टेंन्ट एवं गुब्बारे सजाकर परीक्षार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। सभी स्कूलों ने अपना सहयोग प्रदान किया, जिसमें समन्वयक देवेंद्र तिवारी, रहीस खान, जयराम रैकवार, कौशल श्रीधर, संजीव खरे, केके त्रिपाठी, सत्यनारायण रिछारिया, संजीव साहू एवं करन सौर के नाम शामिल है। बताया गया है कि सर्व शिक्षा अभियान के तहत परीक्षा में शामिल सभी महिला एवं पुरुषों को साक्षर बनाने के लिए शिक्षा प्रदान की जा रही थी। सभी को साक्षर होने का प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

## जानवर की चपेट में आने से वाहन क्षतिग्रस्त

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**

**नगर परिषद सीएमओ सुनीता खरे का वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि किसी को गंभीर चोट नहीं आए। सीएमओ ने बताया की वह शाम 5 से 6 बजे के करीब टीकमगढ़ जा रही थीं। वाहन मां विंध्यवासिनी मंदिर से करीब एक किलोमीटर की दूरी पर पहुंचा होगा कि अचानक लगा कि अज्ञात जानवर वाहन पर गिरा हो।**

उन्होंने तत्काल वाहन रोका जिससे हल्की चोट आई हैं। वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना पर तत्काल उनका स्टाफमौके पर पहुंचा और सीएमओ का प्राथमिक उपचार कराया। सीएमओ सुनीता खरे ने बताया कि हादसे के बाद वाहन से नीचे उतर कर देखा तो कोई जानवर वहां नहीं था। बल्देवगढ़ नगर परिषद सीएमओ का वाहन दुर्घटनाग्रस्त। नगर परिषद सीएमओ सुनीता खरे का वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि किसी को गंभीर चोट नहीं आए। सीएमओ ने बताया की वह शाम 5 से 6 बजे के करीब टीकमगढ़ जा रही थीं। वाहन मां विंध्यवासिनी मंदिर से करीब एक किलोमीटर की दूरी पर पहुंचा होगा कि अचानक लगा कि अज्ञात जानवर वाहन पर गिरा हो।

घटना की जानकारी लगते ही सीएमओ के अधीनस्थ कार्य करने बाले कर्मचारी मौके पर पहुंचे जिन्होनें सीएमओ को अस्पताल ले जाकर उनका उपचार कराया।

## 25 सितम्बर के कार्यक्रम को लेकर बैठक संपन्न




**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**

**कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार मुख्य नगर पालिका अधिकारी टीकमगढ़ ओमपाल भदौरिया द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत 25 सितम्बर स्वच्छता जन आंदोलन के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी हनुमत सिंह चौहान, एक्सीलेंस स्कूल के प्राचार्य सुनील श्रीवास्तव एवं विभिन प्राइवेट स्कूल संस्थाओं के प्राचार्य शिक्षकसे चर्चा की गई।**

इस दौरान स्वच्छता ही सेवा अभियान को सफल बनाये जाने हेतु 25 सितम्बर को स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम की रूप रेखा बनाई गई और कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में लोगों को अभियान से जुड़ने की अपील की गई। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत वार्ड नं. 27 के राधा कृष्ण पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं को और स्कूल स्टाफ़को स्वच्छता शपथ दिलाई गई, जिसमें उन्होंने अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ रखने, कचरा नहीं फैलाने और सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर नगर पालिका के समस्त कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। ओमपाल भदौरिया द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत 25 सितम्बर स्वच्छता जन आंदोलन के संबंध में चर्चा की गई।

## आज बल्देवगढ़ में लगेगा शिविर

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**

**कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार भारत सरकार की ऐडिप एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजनातंर्गत दिव्यांगजनों एवं बरिष्ठजनों को सहायक उपकरण प्रदाय किये जाने हेतु परीक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा हैं। जिन दिव्यांगजनो, वृद्धजनो को विगत 3 वर्ष से कोई भी सहायक उपकरण प्राप्त नहीं हुआ है, केवल उन्ही का परीक्षण किया जाकर सहायक उपकरण प्रदाय किये जायेंगे। शनिवार को जिला मुख्यालय पर उपकरण दिए गए।**

जानकारी के अनुसार कल सोमवार 22 सितम्बर को जनपद पंचायत कार्यालय बल्देवगढ़ में उपकरण वितरित होगे तथा 23 सितम्बर को बल्देवगढ़ क्षेत्र की ग्राम पंचायत भेलसी में प्रात: 11 बजे से शिविरों का आयोजन किया जायेगा।

## व्यापारी ने होटल में फांसी लगाकर दी जान

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**

**शहर के सिविल लाइन रोड स्थित गायत्री होटल में एक दुकानदार ने शनिवार दोपहर आत्महत्या कर ली। लक्ष्मी नारायण राठौर ने होटल के कमरा नंबर 106 में पंखे से फांसी लगाकर जान दे दी।**



मृतक ने एक सुसाइड नोट छोड़ा है। नोट में ललितपुर कोतवाली पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। लक्ष्मी नारायण ने लिखा कि पुलिस ने उनके बेटे शिवम राठौर को 16 सितंबर को बिना किसी कारण या सबूत के हिरासत में ले लिया। सुसाइड नोट के अनुसार वह और उनका बेटा रबर स्टाम्प बनाने और पेंटिंग का काम करते हैं। शिवम का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। पुलिस ने उसे दुकान से बिना वारंट के उठाया। पूछताछ का हवाला देकर ले गए पुलिसकर्मियों ने जल्द छोड़ने की बात कही थी। लक्ष्मी नारायण ने लिखा कि कोतवाली थाने में बार-बार संपर्क करने पर भी उन्हें बेटे से नहीं मिलने दिया गया। न ही हिरासत का कोई कारण बताया गया। उन्होंने 24 घंटे से अधिक समय तक बिना मजिस्ट्रेट के सामने पेश किए हिरासत में रखने को कानून का उल्लंघन बताया। घटना की सूचना मिलते ही टीकमगढ़ कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शहर के सिविल लाइन रोड स्थित गायत्री होटल में एक दुकानदार ने शनिवार दोपहर आत्महत्या कर ली। लक्ष्मी नारायण राठौर ने होटल के कमरा नंबर 106 में पंखे से फांसी लगाकर जान दे दी। इस पेंचीदा मामले को लेकर पुलिस काफी गंभीरता से तहकीकात करने में लगी है।

# परीक्षा केंद्रों पर हजारों नव साक्षरों ने लिया भाग

**सभी को साक्षर बनाने की चल रही मुहिम**

**सुबह 10 बजे से शुरू हुई परीक्षा का 5 बजे समापन**

**नवभारत,न्यूज जतारा।**

**मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक मूल्यांकन परीक्षा, राज्य शिक्षा केंद्र के दिशा निर्देशानुसार कलेक्टर प्रौढ शिक्षा एवं जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी आर के पस्तोर के मार्गदर्शन एवं विकासखंड सहसमन्वयक साक्षरता राकेश साहू के निर्देशन में विकासखंड अंतर्गत 11 संकुल केन्द्रों के कुल 263 परीक्षा केन्द्रों पर संपन्न हुई। जिसमें अक्षरसाथियों द्वारा अध्यापित 22000 नव साक्षरों ने भाग लिया। परीक्षा केन्द्रों पर नवसाक्षरों का फूल माला रोरी से स्वागत किया गया एवं शिक्षा की दिशा में उनके बढ़ते हुए कदम की सराहना की गई। नवसाक्षरों को प्रश्न पत्र पेन प्रदान कर उनके अनुरूप समय को ध्यान में रखते हुए 10 से 5 बजे तक परीक्षा संपन्न कराई गई।**



परीक्षा केन्द्रों के निरीक्षण हेतु जिला स्तरीय निरीक्षण दल अंतर्गत श्री पी आर त्रिपाठी जिला परियोजना समन्वयक, एमके खरे विकासखंड शिक्षा अधिकारी जतारा, महिपाल सिंह विकासखंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक जनपद शिक्षा केंद्र जतारा, शरद कुमार खरे एडीपीसी, राजीव पटैरिया सहायक विकासखंड प्रबंधक एनआरएलएम, मनीष कुमार शुक्ला एपीसी, बलराम चतुर्वेदी जिला सहसमन्वयक साक्षरता एवं संजय अवस्थी द्वारा परीक्षा केन्द्रों का अवलोकन एवं नवसाक्षरों से चर्चा की गई है।

वही संकुल अंतर्गत संकुल प्राचार्य जन शिक्षक एवं से सहसमन्वयक साक्षरता द्वारा परीक्षा केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन एवं समन्वय किया गया। परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। जिसमें अक्षरसाथियों द्वारा अध्यापित 22000 नव साक्षरों ने भाग लिया। परीक्षा केन्द्रों पर नवसाक्षरों का फूल माला रोरी से स्वागत किया गया एवं शिक्षा की दिशा में उनके बढ़ते हुए कदम की सराहना की गई। नवसाक्षरों को प्रश्न पत्र पेन प्रदान कर उनके अनुरूप समय को ध्यान में रखते हुए 10 से 5 बजे तक परीक्षा संपन्न कराई गई।

**आयोजन** ▶ **पलेरा में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे केन्द्रीय मंत्री**

# सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत दिए सहायक उपकरण

**नवभारत न्यूज पलेरा।**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़े के अंतर्गत बीते दिन नगर के सर्किट हाउस में दिव्यांगों और बुजुर्गों के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।**



इस दौरान केंद्रीय मंत्री एवं सांसद डॉ. वीरेंद्र कुमार ने लाभार्थियों को विभिन्न सहायक उपकरण वितरित किए। एडिप योजना और राष्ट्रीय क्योश्री योजना के अंतर्गत दिव्यांगों एवं वरिष्ठ नागरिकों को बैसाखी, व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र, चश्मा, कृत्रिम अंग और चलने में सहायक उपकरण प्रदान किए गए। दिव्यांगों को पुष्पमाला पहनाकर स्वल्पाहार कराते हुए केंद्रीय मंत्री एवं सांसद वीरेंद्र खटीक ने कहा कि योजनाओं का उद्देश्य दिव्यांग और बुजुर्गजन के जीवन को आत्मनिर्भर और सहज बनाना है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार समाज के कमजोर वर्गों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। उन्होंने लाभार्थियों से आह्वान किया कि वे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें और समाज के विकास में सक्रिय भागीदारी करें। इस दौरान सर्किट हाउस के आसपास फैली गंदगी को देखते हुए केंद्रीय मंत्री एवं सांसद वीरेंद्र खटीक ने भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन संज्ञा, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष सुनील खटीक, पूर्व मंडल अध्यक्ष तेज सिंह यादव महक यादव सरपंच हरसेवक राजपूत एवं मौके पर उपस्थित कार्यकर्ताओं के साथ झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। इसके अलावा सभी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में फलदार पौधों का रोपण केंद्रीय मंत्री के द्वारा किया गया। केंद्रीय मंत्री एवं सांसद वीरेंद्र खटीक के द्वारा सैपुरा रोड स्थित ऑडिटोरियम निर्माण स्थल का जायजा लिया गया। मौका स्थल का निरीक्षण करते हुए मौजूद अधिकारी जतारा एसडीएम एवं तहसीलदार को उन्होंने तत्काल निर्माण कार्य पर रोक लगाते हुए कार्य बंद किए जाने के निर्देश दिए। स्थानीय नगर से ऑडिटोरियम की दूरी एवं सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए उन्होंने चिन्हित निर्माण स्थल को लेकर नाराजगी जताई। निर्माण मौका स्थल पर ही अधिकारियों के समक्ष उन्होंने तत्काल जिला कलेक्टर से फोन पर बात करते है।

### रक्तदान के बाद हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

बल्देवगढ़ विकसित बुंदेलखंड की टीम के द्वारा एक्सीलेंस स्कूल प्रांगण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला अस्पताल से आई ब्लड बैंक वाहन में तैनात ब्लड बैंक टीम के द्वारा रक्त का कलेक्शन किया गया। जिसमें डॉ. विकास जैन, मकबूल खान रक्तदान शिविर में पहुंचे।

## प्रशिक्षण में दिया जा रहा खादी को बढ़ाबा

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**

**सेवा पखवाडा के अंतर्गत खादी वस्त्रों एवं ग्रामोद्योग सामग्री को बढावा देने के लिए विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। इसीक्रम कताई एवं बुनाई का प्रशिक्षण देकर लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए शनिवार को खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा कंबल केन्द्र ढोंगा टीकमगढ पर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया ।**

इच्छुक व्यक्तियों ने पंजीयन कराकर इन विधाओं में रोजगार प्राप्त किए हैं। कार्यशाला में खासतौर पर कंबल व खादी वस्त्र निर्माण की बारीकियां सिखाई गई। उन्होंने बताया की सेवा पखवाडे के तहत टीकमगढ में कंबल एवं खादी उत्पादन केन्द्रों में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। सेवा पखवाडा 2 अक्टूबर तक मनाया जाएगा।

## रोगियों का उपचार कर दवा वितरित




**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**

**आयुक्त संचालनालय आयुष मध्य प्रदेश भोपाल एवं कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय तथा जिला आयुष अधिकारी के निर्देशन में आयुष्मान आरोग्य मंदिर कारी जिला के द्वारा दशम राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस अंतर्गत लोगों और पौधों के लिए आयुर्वेद की थीम पर एवं स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत सीएम राईज शाहासे.स्कूल कारी में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया।**

स्वास्थ्य शिविर में स्वच्छता अभियान पर रंगोली का आयोजन, पोषण पर चर्चा कर सामूहिक योगाभ्यास करवाया गया, जिसमें बच्चों को आयुर्वेद के प्रति जागरूक, पोषण आहार की जानकारी, आयुर्वेद दिनचर्या, ऋतुचर्या,के महत्व को समझाया गया। साथ ही स्वस्थ जीवन जीने के लिए आयुर्वेद को अपनाए इस बात को बढ़ावा दिया गया। शिविर में रोगों का निदान कर औषधीय वितरित की गई।